तापमान
अधिकतम 36.7 डिग्री
न्यूनतम 22.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 26 सितंबर, 2025

14 श्रमिकों ने खेल प्रतियोगिताओं में दिखाया दमखम



14 बस स्टैंड व ढाबों के पास अतिक्रमण पर चला पीजा पंजा



## खबर संक्षेप

### मादक पदार्थ की तस्करी करते चार गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में कार सवार साहिल पुत्र जोगेंद्र निवासी गांव नारा, ललीत पुत्र मुकेश, लाभसिंह पुत्र जगबीर व महाबीर पुत्र सतीश निवासी गांव सौंधापुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 370 ग्राम चरस बरादम की है। वहीं आरोपियों पर थाना औद्योगिक हुडा सेक्टर 29 में एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज करवाया गया है। जबकि आरोपियों के साथियों को पकडने के लिए महाबीर को छह दिन के पुलिस रिमांड पर लिया।

### मंडियों में 24459 मीट्रिक टन धान की आवक

**अंबाला।** जिले की मंडियों में धान खरीद का कार्य निरंतर चल रहा है। मंडियों में बुधवार शाम तक 4444 गेट पास काटे गए और शाम तक 24459 मीट्रिक टन की आवक हुई। इसमें से शाम तक 9179 मीट्रिक टन की खरीद हुई। अभी राइस मिलर्स के पंजीकरण नहीं हुए हैं। उसके बाद ही उठान होगा। वहीं, मंडी में धान की आवक लगातार तेज हो रही है। जिससे मंडी फुल होती जा रही है। वहीं, अभी तक राइस मिलर्स के पंजीकरण भी नहीं हुए हैं। जिससे आने वाले कुछ दिनों में धान का उठान न होने से दिक्कत आ सकती है। अभी मंडी में धान खरीद चल रही है।

### कृत्रिम होते रिश्ते, पर्व ही दिलाते हैं सुकून : चौहान

**करनाल।** नवचेतना मंच के संयोजक एवं संघर्ष की जीवंत मिसाल माने जाने वाले एसपी चौहान ने कहा कि पर्व हमारे जीवन में ऑक्सीजन का काम करते हैं। ये पर्व रिश्तों को जीवित रखने और उनमें मिठास घोलने का अवसर प्रदान करते हैं। पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि जीवन में अपनापन और संजीदगी का संदेश देते हैं। जीवन में खुशियां लेने से नहीं, बल्कि देने से आती हैं।

### तीन दिवसीय उत्थान नाट्य उत्सव आज से

**कुरुक्षेत्र।** रंगमंच में 16 वर्षों से सक्रिय नाट्य दल न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप द्वारा 26 सितम्बर को 16वीं वर्षगांठ के अवसर पर तीन दिवसीय उत्थान उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के अध्यक्ष नीरज सेठी ने बताया कि गत कई वर्षों से न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप अपने वार्षिक समारोह को उत्थान उत्सव के नाम से मना रहा है।

# स्वदेशी वस्तुएं अपनाना आज देश की सबसे बड़ी जरूरत : कृषि मंत्री राणा

### रादौर में श्रद्धापूर्वक मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

*पंडित दीन दयाल उपाध्याय की महत्वपूर्ण योजना अंत्योदय जिसका मकसद था कि समाज के प्रत्येक वर्ग के गरीब व्यक्ति को हर योजना का लाभ मिले।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भाजपा द्वारा वीरवार को सेवा पखवाड़ा के तहत रादौर अनाज मंडी में जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई। इस दौरान पदयात्रा और सभा का आयोजन किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने भाग लिया।

- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने मुख्यातिथि के रूप में लिया भाग

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री के जन्मदिन के साथ साथ महापुरुषों के जन्मदिवसों के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पदयात्रा व कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि स्वदेशी वस्तुएं अपनाना आज देश की सबसे बड़ी जरूरत है। महात्मा गांधी ने अंग्रेजी शासन का विरोध करने के लिए विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया था। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वह पढ़ने लिखने में बहुत होशियार थे। उनका जीवन संघर्षपूर्ण रहा। क्योंकि छोटी आयु में ही वे उनके माता पिता का देहांत हो गया था। अनाथ होने के बाद भी उन्होंने अपने आत्मविश्वास और परिश्रम के बल पर शिक्षा प्राप्त की। उनके जीवन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि वे साधारण परिस्थितियों में रहते हुए भी उच्च आदर्शों और मूल्यों को आत्मसात करते रहे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने राजनीति शास्त्र में स्नातक और अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर किया। शिक्षा के साथ साथ उनका झुकाव राष्ट्रीय विचारधारा और समाज सेवा की ओर भी बढ़ता गया। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुडकर अपना पूरा जीवन समाज और राष्ट्र को समर्पित कर दिया। पंडित दीन दयाल उपाध्याय की महत्वपूर्ण योजना अंत्योदय जिसका मकसद था कि समाज के प्रत्येक वर्ग के गरीब व्यक्ति को हर योजना का लाभ मिले। जिस व्यक्ति की सोच गरीब के प्रति रही हो हमें उसका जन्म दिवस अवश्य मानना चाहिए।



यमुनानगर। रादौर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पदयात्रा में भाग लेते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

#### 'अंत्योदय' ने करोड़ों का संवारा जीवन

*कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय विचार ने करोड़ों का जीवन संवारा है। उन्होंने बताया कि जनसंघ के संस्थापक दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा में हुआ था। कॉलेज की पढ़ाई पूरी कर 1937 में आरएसएस से जुड़े। जनसंघ की स्थापना के बाद संगठन का काम देखने के लिए उन्हें राजनीति में भेजा गया। 15 वर्ष तक महामंत्री के तौर पर काम करते हुए देश भर में जनसंघ की जड़ें मजबूत की। अंत्योदय का विचार देश को उनकी महान देन है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार की जन कल्याण की योजनाएं इसी विचार से प्रेरित हैं। हम सभी आज इस पावन अवसर पर उन्हें नमन करते हैं और उस महान नायक के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।*

### राणा ने सफाई करके किया मेगा सफाई अभियान का शुभारंभ

*अधिकारियों व नागरिकों ने लिया भाग*



यमुनानगर। फरकपुर में सफाई करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। फोटो : हरिभूमि

**यमुनानगर।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान एवं सेवा पखवाड़ा के तहत वीरवार को नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में मेगा सफाई अभियान चलाया गया। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने सफाई करके अभियान का शुभारंभ किया। सफाई अभियान में मेयर सुमन बहमनी, उपायुक्त पार्थ गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा समेत अन्य जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हजारों लोगों ने एक साथए एक घंटे तक श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। मौके पर पौधारोपण भी किया गया।

वीरवार को शहर के वार्ड नंबर 18 स्थित फरकपुर से सफाई अभियान का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने सफाई करके किया। इस दौरान बच्चों ने स्वच्छता पर पेंटिंग, पोस्टर व चार्ट बनाकर लोगों को जागरूक किया। भजन मंडली के सदस्यों ने नुक्कड़ नाटक, गीत व हरियाणवी नृत्य कर लोगों को सफाई व स्वच्छता का महत्व बताया। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि स्वच्छता से बड़ी कोई सेवा नहीं है। हम जिस तरह घर में स्वच्छता और सफाई रखते हैं। उसी तरह सार्वजनिक स्थल व बाहर भी सफाई का ध्यान रखें। कचरा फेंकने के लिए डस्टबिन का उपयोग करें। कुछ ऐसे ही उपाय अपनाकर हम न केवल स्वच्छता को बढ़ावा दे सकते हैं। बल्कि स्वयं को भी स्वस्थ रख सकते हैं। इसके बाद उन्होंने पार्क में पौधारोपण किया। इसके बाद वार्ड नंबर चार में कुंडी तालाब पार्क में मेयर सुमन बहमनी की आगुवाई नें सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने लोगों को सफाई करके वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए आहवान किया। इसी तरह शहर के वार्ड 7 के सेक्टर 17 स्थित हुडा मार्केट में आयोजित स्वच्छता समारोह में उपायुक्त पार्थ गुप्ता व नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने सैकड़ों क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर हुडा मार्केट की सफाई कर लोगों को स्वच्छता का महत्व बताया। उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया।

# लापरवाही के आरोप में स्टेशन मास्टर व अधीक्षक का ट्रांसफर

*रेलवे यूनियन ने जताया विरोध*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी रेलवे जंक्शन पर लापरवाही का मामला सामने आने के बाद दो अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की हुई है।

- अधिकारियों पर ट्रेन चालकों को समय पर जरूरी निर्देश न पहुंचाने का आरोप

ट्रेनों के संचालन खामी पाए जाने पर मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) ने स्टेशन मास्टर प्रवीन कुमार मीणा को किरतपुर साहिब और स्टेशन अधीक्षक राम को सरहिंद रेलवे स्टेशन पर ट्रांसफर किया है। अंबाला रेल मंडल के अधीन एक सेक्शन पर सुरक्षा संबंधी कार्य चल रहा था। इस दौरान ट्रेनों को 20 से 30 किमी प्रतिघंटा की गति से संचालित करने के निर्देश जारी किए गए थे। इसकी जिम्मेदारी स्टेशन मास्टर प्रवीन कुमार के पास थी कि वे कॉशन से संबंधित जानकारी समय पर ट्रेनों के चालकों तक पहुंचाएं। यह व्यवस्था इसलिए बनाई जाती है ताकि चालकों को स्पष्ट निर्देश मिले और वे प्रभावित सेक्शन पर सावधानीपूर्वक और निर्धारित गति से ट्रेन चला सकें। लेकिन इस दौरान गंभीर चूक हुई। कुछ ट्रेन चालकों तक तो संदेश पहुंच गया।

#### अधीक्षक को 10 दिन की छुट्टी पर भेजा

फिलहाल स्टेशन अधीक्षक राम को 10 दिन की छुट्टी पर भेजा गया है। मंडल रेल प्रशासन की इस कार्रवाई के खिलाफ नार्दन रेलवे मेंस यूनियन खुलकर सामने आ गई है। यूनियन के पदाधिकारियों का कहना है कि इस पूरे मामले में स्टेशन अधीक्षक राम की कोई गलती नहीं थी। फिर भी उन्हें दंडित किया गया है। यूनियन ने डीआरएम से बातचीत भी की है और आदेश वापस लेने की मांग उठाई है। यूनियन का तर्क है कि स्टेशन अधीक्षक को बेवजह जिम्मेदार ठहराकर उनके खिलाफ अनुचित कदम उठाया गया है। कर्मचारियों का मानना है कि स्टेशन अधीक्षक पर कार्रवाई से गलत संदेश गया है।

### 15 ग्राम हेरोइन सहित तस्कर गिरफ्तार

**करनाल।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की करनाल यूनिट ने बसताड़ा टोल टैक्स, घरौंडा (जीटी रोड) के पास से एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 ग्राम हेरोइन बरामद की है। यह कार्रवाई एसपी मोहित हांडा, आईपीएस के मार्गदर्शन तथा डीएसपी मनोज कुमार के निर्देशन में एसआई विनोद कुमार व टीम द्वारा की गई। आरोपी पानीपत जिले का निवासी है और उसके खिलाफ थाना मधुबन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह, आईपीएस ने स्पष्ट किया कि नशे की जड़ों को खत्म करना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# युवक ने यमुना में लगाई छलांग

- पुलिस ने गोताखारों के साथ नहर में चलाया सर्च अभियान, नहीं लगा युवक का सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मानसिक रूप से परेशान युवक ने बाड़ी माजरा पुल पर पश्चिमी यमुना नहर में छलांग लगा ली। पुलिस ने गोताखोरों की सहायता से नहर में सर्च अभियान चलाया। मगर नहर में डूब युवक का कोई भी सुराग नहीं लग पाया।

खबर लिखे जाने तक पुलिस गोताखोरों के साथ युवक की तलाश में जुटी थी। बाड़ी माजरा तीर्थ नगर निवासी 28 वर्षीय अमित मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। वीरवार को अमित अपने भाई के साथ दवाई लेने के लिए डॉक्टर के पास जा रहा था। जब वह बाड़ी माजरा पुल के पास पहुंचा तो अमित ने पश्चिमी यमुना नहर में छलांग लगा दी। जिससे वह पानी के तेज बहाव में बह गया। अमित के भाई ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए।



यमुनानगर। बाड़ी माजरा पुल के पास नहर में डूबे युवक की तलाश करते गोताखोर।

# नारी सशक्तिकरण की प्रहरी भाजपा सरकार : ढांडा

**पानीपत।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी के महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व सशक्तिकरण करने की दिशा में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना गरीब महिलाओं के उत्थान के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है। वहीं, एक लाख तक आय वाली प्रदेश की 22 लाख महिलाओं को योजना के प्रथम चरण के तहत 2100 रूपये प्रति माह का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार की यह योजना अहम है। सरकार कि इस योजना से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को सीधा लाभ मिलेगा, उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार आए दिन गरीब व्यक्ति को मुख्यधारा लाने के लिए अनेक योजनाएं बना रही है, इसी कडी में आज कि योजना से गरीब महिलाओ को आर्थिक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पंडित दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरुआत करके भाजपा के संकल्प पत्र किए वायदे को पूरा किया। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश कि महिलाओं को उनका अधिकार मिले इसके लिए वह लगातार प्रयासरत है।

### अग्रवाल वैश्य समाज की इकाइयों का विस्तार

**कुरुक्षेत्र।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा कुरुक्षेत्र की जिला इकाइयों का विस्तार किया गया है। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि कुरुक्षेत्र में आयोजित संकल्प से सृजन विचार गोष्ठी कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई थी।

# यूपीआई स्कैनरों पर अज्ञात लोगों ने लगाए अपने स्कैनर

**रादौर।** रादौर में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा दुकानों के बाहर लगे यूपीआई स्कैनरों पर अपने स्कैनर चिपकाकर हेराफेरी करने वाला गिरोह सक्रिय है।

- ग्राहकों की राशि गई अज्ञात खाते में, दुकानदारों ने की कार्रवाई करने की मांग

जिसके चलते दुकानदारों ने प्रशासन से इस संबंध में कार्रवाई करते हुए उनकी रकम वापिस दिलाने की मांग की है। रादौर के बस स्टेंड के नजदीक चाय की दुकान चलाने वाले हरीश कुमार, बीकानेर स्वीट हाउस के मालिक सुरेंद्र कुमार, फल विक्रेता दलीप कुमार आदि ने बताया कि उन्होंने ग्राहकों से भुगतान करवाने के लिए अपनी दुकानों के बाहर यूपीआई स्कैनर लगाए हुए हैं। दो दिन पहले रात के समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके यूपीआई स्कैनर के ऊपर अपने स्कैनर चिपका दिए। जिस कारण बहुत से ग्राहकों द्वारा अदा की गई राशि अज्ञात लोगों के खाते में चली गई। जिस कारण उन्हें भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने इस संबंध में 112 नंबर पर पुलिस को भी सूचित कर दिया है। प्रभावित दुकानदारों ने इस बारे थाना रादौर पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि पुलिस अज्ञात व्यक्तियों के बारे में जानकारी हासिल कर उन पर कड़ी



यमुनानगर। रादौर में स्कैनर के ऊपर अज्ञात व्यक्ति द्वारा लगाया गया स्कैनर दिखाता प्रभावित दुकानदार।

### करनाल में आयोजित वोकल फॉर लोकल मेले में पहुंचे केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल

# विदेशी वस्तुओं के बजाय स्वदेशी को अपनाने का आह्वान

- सेवा पखवाड़े के दौरान देशभर में किए जा रहे कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सेवा पखवाड़ा के तहत करनाल में आयोजित वोकल फॉर लोकल मेले में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने शिरकत की। उन्होंने दुकानदारों व खरीदारों से स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और विदेशी वस्तुओं के बजाय स्वदेशी सामानों को अपनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और आत्मनिर्भरता को बढ़ाने की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़े के दौरान देशभर में पौधारोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, टीबी मरीजों की सहायता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, पूर्व उद्योग मंत्री शशि पाल मेहता, जिला महामंत्री सुभाष कश्यप, पार्षद संजीव मेहता, बेबी पाल, अलका चौधरी, पार्षद मुकेश अरोड़ा, सुजाता अरोड़ा, मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा, गौरव खुराना, मोहन लोधी, आकाश अरोड़ा, मीनाक्षी भिंडर समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### 1 नवंबर से पात्र महिलाओं के खाते में आएंगे 2100 रुपये : मनोहर

**करनाल।** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को करनाल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ किया। कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे केंद्रीय मंत्री ने घोषणा की कि "एक नवंबर 2025 से पात्र महिलाओं के बैंक खातों में प्रतिमाह 2100 रुपये की राशि सीधे पहुंचनी शुरू हो जाएगी।" इस अवसर पर उन्होंने लगभग 28 करोड़ रुपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें 12.70 करोड़ रुपये से बने सीएचसी निगदू, 8.89 करोड़ रुपये से जिला नागरिक अस्पताल के सौंदर्यीकरण, 55.50 लाख रुपये से एसएचसी बाल रांगड़ान, एसएचसी बला, एसएचसी गोली, एसएचसी फफड़ाना, एसएचसी रत्तक, 65.84 लाख रुपये से एसएचसी कैमला और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण शामिल है। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि इस योजना से हरियाणा की लगभग 21 लाख महिलाएं लाभान्वित होंगी, जिनमें विवाहित और अविवाहित दोनों वर्ग शामिल हैं। इसके लिए हरियाणा सरकार ने वार्षिक 5000 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है। इस अवसर पर एसपी गंगाराम पूनिया, एडीएम सोनू भट्ट, निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, एसडीएम अनुभव मेहता सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।



# स्टॉक मार्केट के नाम पर युवक से ठगे 25.24 लाख

- पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठगों ने स्टॉक मार्केट में इन्वेस्टमेंट करवा कर अधिक प्रॉफिट देने का झांसा देकर प्रोफेसर कॉलोनी निवासी विनीत बंसल से 25 लाख 24 हजार रुपऐ ठग लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम पुलिस थाने में दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

शहर की प्रोफेसर कॉलोनी निवासी विनीत बंसल ने साइबर क्राइम पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि गत 24 सितंबर को उसके मोबाइल पर एक मैसेज आया। मैसेज पर क्लिक करते ही वह एक गुरप से जुड़ गया। जिसमें स्टॉक मार्केट के संबंध में बातचीत चल रही थी। आरोपी ने उससे बात करनी शुरू कर दी।

आरोपी ने कहा कि स्टॉक मार्केट में इन्वेस्टमेंट कर अधिक प्रॉफिट कमाया जा सकता है। यदि वह स्टॉक मार्केट में पैसे इन्वेस्टमेंट करने में दिलचस्पी रखते हैं तो अधिक लाभ कमा सकता है। उसने आरोपी की बातों पर विश्वास कर लिया। आरोपी ने गत 24 जुलाई से 9 सितंबर के बीच उससे अलग-अलग खातों में 25 लाख 24 हजार रुपऐ जमा करवा लिए। जब उसने आरोपी से प्रॉफिट के पैसे मांगे तो पैसे देने से मना कर दिया और उसे ग्रुप से एग्जिट कर दिया।

## खबर संक्षेप

### चोरों ने सूने घर से चुराया हजारों रुपये का सामान

**यमुनानगर।** जगाधरी की सिल्वर स्ट्रीट में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सिल्वर स्ट्रीट जगाधरी निवासी गुरचरण सिंह ने शहर जगाधरी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 22 सितंबर को घर का ताला लगाकर परिवार के सदस्यों के साथ किसी काम से बाहर गया था। 24 सितंबर को जब वह वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था।

### युवक ने नाबालिक के साथ किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने बहला फुसला कर नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने लड़की के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ चार व आठ पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव दौलतपुर निवासी मोबिन उसकी लड़की 17 वर्षीय लड़की का पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। आरोपी करीब तीन माह से उसकी लड़की के साथ इस प्रकार की हरकतें कर रहा था।

### एलसीएलओ का धरना 7वें दिन भी रहा जारी

**कुरुक्षेत्र।** एलसीएलओ कर्मचारी यूनियन हरियाणा के बैनर तले लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र के सामने धरना सातवें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ के थानेसर ब्लॉक प्रधान विशाल ने की ओर संचालन पवन पलवल राज्य महासचिव ने किया। धरने पर उप महासचिव सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा संदीप सांगवान ने बताया कि सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के एक एक कार्यकर्ता एलसीएलओ के राज्य स्तरीय आंदोलन को पूरा समर्थन करते हैं व जब भी इनको हमारी जरूरत पड़ेगी हम उसी समय धरने पर बैठे मिलेंगे। नौकरी का विज्ञापन और टेस्ट सीपीएलओ क्रिड पंचायत लोकल ऑपरेटर की पोस्ट के लिए लेकिन ऑफर लेटर एलसीएलओ लोकल कमेटी लोकल ऑपरेटर का दे दिया। यह बेरोजगारों के साथ धोखाधड़ी है। संदीप सांगवान उप महासचिव सर्व कर्मचारी संघ ने बताया कि हरियाणा सरकार अपनी हठधर्मिता को छोड़कर छउछड के पदाधिकारियों को बुला कर बातचीत के माध्यम से समस्याओं का समाधान करे अन्यथा आंदोलन और तेज होगा। और इस सब की जिम्मेंदार सरकार होगी। यूनियन की राज्य प्रधान नीतू करनाल ने कहा कि सरकार हमारी मांगो का समाधान करे और पद को विज्ञापन अनुसार उढछड करे अन्यथा हमारा आंदोलन खत्म होने वाला नहीं है।


### ताऊ देवीलाल को अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

**कुरुक्षेत्र।** जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाला की अध्यक्षता में पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल का 112वां जन्मदिवस जिला कुरुक्षेत्र में बड़े हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित करके की गई। जहां उपस्थित जनसमूह ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष कुलदीप जखवाला ने कहा कि जगत ताऊ देवीलाल न केवल हरियाणा, बल्कि पूरे देश के किसानों, मजदूरों और गरीबों के मसीहा थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज की सेवा और हक की लड़ाई में समर्पित किया। आज का दिन हमें उनके सिद्धांतों, विचारों और संघर्ष को याद करने का अवसर देता है, जिससे हम आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित कर सकें। उन्होंने बताया कि जननायक चौधरी देवीलाल ने सबसे पहले वरिष्ठ नागरिकों के लिए 100 रुपये मासिक पेंशन योजना की शुरूआत की थी। ताऊ देवीलाल के सिद्धांतों और विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत ने सरकार में रहते हुए बुजुर्गों की पेंशन राशि को बढ़ाकर 3000 रुपये किया।

### प्राचीन श्रीदेवी मंदिर में 72 वर्षों से लगातार जल रही मां की अखंड दिव्य ज्योत

# शारदीय नवरात्र में आस्था का केंद्र बना प्राचीन श्रीदेवी मंदिर

मान्यता है कि मंदिर में दिव्य जोत के दर्शन मात्र से होते हैं सभी दुख और बाधाएं दूर





**यमुनानगर।** जगाधरी रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्री देवी मंदिर में जलती हुई अखंड जोत व दर्शन करने के लिए लाइनों में खड़े श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

वीरवार को श्रद्धालुओं ने मां के मंदिर में पहुंचकर की मां के चौथे स्वरुप कुष्मांडा की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

उत्तर हरियाणा के छोर पर बसे यमुनानगर शहर में शारदीय नवारत्र में रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित प्राचीन श्री देवी मंदिर में लगातार 72 वर्षों से जल रही मां की अखंड दिव्य जोत श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनी हुई है। मंदिर में रोजाना हजारों श्रद्धालु पहुंचकर सात दशक से जल रही मां की अखंड दिव्य जोत के दर्शन कर मां दुर्गा की कृपा के पात्र बन रहे हैं। मान्यता है कि मां की दिव्य जोत के दर्शन करने मात्र से ही सभी तरह की विपदाएं दूर हो जाती हैं। इससे भी खास बात यह है कि नवरात्रों में मां किसी न किसी श्रद्धालु को कन्या के रुप में दर्शन अवश्य देती हैं। वीरवार को हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर मां के चौथे स्वरुप मां कुष्मांडा की पूजा अर्चना की।

#### ये है मंदिर का इतिहास

प्राचीन श्री देवी मंदिर का निर्माण सैंकड़ो वर्ष पहले शहर के रेलवे स्टेशन के नजदीक खाली पड़ी भूमि पर जगाधरी के लाला श्याम लाल ने करवाया था। उस समय मंदिर स्थल पर सुनसान जंगल था और यमुनानगर को अब्दुल्लापुर के नाम से जाना जाता था। बताते हैं कि मंदिर के निर्माण से पहले एक दिन मां ने लाला श्याम लाल के स्वप्न में दर्शन देकर मंदिर निर्माण के लिए आशीर्वाद दिया था। जिसके बाद लाला श्याम लाल ने अब्दुल्लापुर में माता बाला सुंदरी के भव्य मंदिर का निर्माण करवाया।

#### अखंड दिव्य ज्योत में है अटूट आस्था

बताया जाता है कि करीब 72 वर्ष पहले मंदिर के उस समय के पुजारी पंडित जीवानंद ने विश्वशांति की कामना को लेकर मंदिर में मां की अखंड ज्योति प्रज्जवलित की थी। जो आज तक जल रही है। बुजुर्गों का कहना है कि ज्योति प्रज्जवलित के समय पंडित जीवानंद को मां ने कन्या रुप में साक्षात दर्शन दिए थे। मंदिर के वर्तमान पुजारी इंद्रदीप भारद्वाज ने बताया कि जो श्रद्धालु मंदिर में सच्चे मन से पहुंचकर मन्नत मांगता है तो मां उसकी हर मुराद पूरी करती है।

#### मंदिर में मूर्तियां भी बन रही हैं आकर्षण का केंद्र

मंदिर के पुजारी इंद्रदीप ने बताया कि मंदिर में राम दरबार, मां गायत्री, मां सरस्वती, शिव परिवार, गौ-गोपाल, राधा-कृष्ण, लक्ष्मी नारायण, बाबा भैरवनाथ व दस महाविद्याओं की मूर्तियां स्थापित की जा चुकी हैं। जिनकी प्राण प्रतिष्ठा की जा चुकी है। मंदिर को भव्य बनाने के लिए व श्रद्धालुओं की सुविधाओं को देखते हुए अन्य निर्माण कार्य किए जा रहे हैं।

## एनसीसी कैडेट्स व एनएसएस वालंटियर्स ने की सफाई




**यमुनानगर।** शास्त्री कालोनी में स्वच्छता कार्यक्रम के तहत लोगों को स्वच्छता का संदेश देते हुए गुरु नानक खालसा कॉलेज के एनसीसी व एनएसएस के विद्यार्थी।

- गुरु नानक खालसा कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स व एनएसएस वालंटियर्स ने सेवा पखवाड़ा के तहत सफाई व श्रमदान कार्यक्रम का किया आयोजन
- प्राचार्य डॉ. अरविंदर भल्ला ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के एनसीसी कैडेट्स व एनएसएस वालंटियर्स ने सेवा पखवाड़ा स्वच्छता अभियान के तहत शहर के शास्त्री पार्क में सफाई अभियान व श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरविंदर भल्ला ने किया।

कालेज प्राचार्य डॉ. अरविंदर भल्ला ने बताया कि अभियान के तहत विद्यार्थियों ने समाज के प्रति सेवा और जिम्मेदारी की भावना से इस स्वच्छता पहल में सक्रिय भागीदारी निभाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। विद्यार्थियों की टीम की भागीदारी ने सफाई और श्रमदान करके अनुशासन, टीमवर्क और सामुदायिक सेवा जैसे मूल्यों को दर्शाया। जो एनसीसी और एनएसएस की नींव हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के स्वच्छता अभियान कार्यक्रम न केवल स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करते हैं। बल्कि युवा पीढ़ी में नागरिक कर्तव्य और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करते हैं।

#### स्वच्छता को अपनाने के लिए किया प्रेरित

कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान के प्रति हमारे कैडेट्स और वालंटियर्स द्वारा दिखाया गया समर्पण अत्यंत सराहनीय है और हमारे संस्थान की सच्ची भावना को दर्शाता है। वहीं, डॉ. हेमंत मिश्रा और डॉ. जोशप्रीत सिंह ने विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में भी स्वच्छता का संदेश देकर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उनका कहना था कि इस प्रकार की पहल कक्षा के अध्ययन और समाज के प्रति व्यावहारिक जिम्मेदारी के बीच की खाई को पाटने में सहायक होती हैं।

## हेजल और कनन ने जीती मुकंद एकल नृत्य प्रतियोगिता



**यमुनानगर।** स्वराज शिशु निकेतन स्कूल रादौर में आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

**रादौर।** स्वराज शिशु निकेतन स्कूल रादौर में वीरवार को मुकुंद एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य भारतीय लोक संस्कृति को प्रोत्साहित करना और विद्यार्थियों में पारंपरिक कला के प्रति रुचि जागृत करना था। प्रतियोगिता में शिव तांडव, राजस्थानी नृत्य एलावणी नृत्य, हरियाणवी, पंजाबी, घूमर, भांगड़ा, गुजराती, क्लासिकल, पहाड़ी व डांडिया नृत्य ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। ग्रुप-ए प्रतियोगिता में स्वराज पब्लिक स्कूल रादौर की हेजल पहले, मुकंद लाल पब्लिक स्कूल सरोजनी कॉलोनी के कविश दूसरे तथा स्वराज पब्लिक स्कूल दामला की अनन्या तीसरे स्थान पर रही। जबकि ग्रुप-बी में मुकंद लाल पब्लिक स्कूल सरोजनी कॉलोनी की कनन पहले, मुकंद पब्लिक स्कूल मॉडल टाऊन की एंजेल दूसरे व मुकंद लाल पब्लिक स्कूल सरोजनी कॉलोनी की कृतिका तीसरे स्थान पर रही।

# नशा व्यक्ति और समाज के लिए है विनाशकारी: गुप्ता

- नशा मुक्त प्रचारवाहन को उपायुक्त और एसपी ने दिखाई हर झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर




**यमुनानगर।** नशामुक्त प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक।

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत उपायुक्त पार्थ गुप्ता व पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने नशा मुक्त प्रचारवाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया। नशा मुक्त प्रचार वाहन के माध्यम से जिला यमुनानगर के सभी स्कूल, कॉलेज, गांव, गली मोहल्लों और शहरी क्षेत्रों में लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय व मेडिकल विंग (राजयोगा एजुकेशन और रिसर्च फाउंडेशन) अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू के सहयोग से प्रचार वाहनों पर लगे ऑडियो वीडियो संदेश, पोस्टर, बैनर तथा स्लोगन के माध्यम से युवाओं, विद्यार्थियों, महिलाओं और आमजन को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त अभियान का उद्देश्य नशे की बुरी लत से समाज को मुक्त करना और नई पीढ़ी को स्वस्थ, सुरक्षित एवं सुनहरे भविष्य की ओर प्रेरित करना है।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए विनाशकारी है। युवाओं को इससे दूर रखने के लिए जन जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रचार वाहन गांव गांव व शहरी क्षेत्रों में जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताएगा और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहन अंजू, सही राह मुहिम से जुड़े अधिवक्ता सुशील आर्य आदि मौजूद रहे।

#### जागरूकता ही बचाव का सबसे बड़ा उपाय

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य,परिवार और समाज पर गंभीर प्रभाव डालता है। जागरूकता ही नशे से बचाव का सबसे बड़ा उपाय है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वह नशा छोड़कर स्वस्थ जीवन अपनाएँ तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। मौके पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी की बहनों ने बताया कि वाहन पर नशा मुक्ति संबंधी पोस्टर, नारे और ऑडियो, वीडियो संदेश प्रसारित किए जाएंगे। अभियान का उद्देश्य नशा मुक्त समाज का निर्माण कर नई पीढ़ी को उज्ज्वल भविष्य देना है।

## शिविर 75 युवाओं ने किया रक्तदान

- सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत वीरवार को पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर वीआईपी कॉलोनी के मेहता अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पूर्व विधायक बिशन लाल सैनी व युवा भाजपा नेता विशाल सैनी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।




**यमुनानगर।** रादौर में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाते अतिथि।

रक्तदान शिविर में 75 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। पूर्व विधायक डॉ.बीएल सैनी व भाजपा युवा नेता विशाल सैनी ने कहा कि रक्तदान को महादान माना गया है। समय-समय पर रक्तदान करने से बीमारियों का खतरा कम होता है। सभी को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करने वाले लोग जरूरतमंद लोगों तक रक्त पहुंचाकर पुण्य के भागी बनते है।

**ये रहे मौजूः** इस अवसर पर रघुबीर सिल्ली, रवि सैनी, गुरमीत सढुरा, मनोज राणा, रिंकू कराल, रशीद रायपुर, अकबर, भीम नाचरौन, कुलदीप नाचरौन, वीरेंद्र चौहान, रोशन लाल, अब्दुल राणा, मनोज सैनी, बिंदर सैनी आदि मौजूद थे।

### नशीले पदार्थ की तस्करी के आरोप में तीन गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने प्रतिबंधित दवाइयां व नशीले पदार्थ की तस्करी के आरोप में तीन आरोपी लोगों को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक सेल के इंचार्ज इंस्पेक्टर अरुण कुमार ने बताया कि जनवरी 2025 में अराईयावाला निवासी वीरभान को प्रतिबंधित कैप्सूल और दवाइयों के साथ गिरफ्तार किया गया था। पुलिस पूछताछ में उसने खुलासा किया कि वह यह दवाइयां वह अपने गांव के ही सोनू नामक युवक से लेकर आता है। इस जानकारी के आधार पर इंस्पेक्टर ओमप्रकाश, जयपाल मराठा, ललित, मनजीत और विमल की टीम का गठन किया गया। टीम ने रणनीति बनाकर सोनू को भी गिरफ्तार कर लिया।

## शिविर 600 बच्चों की आंखें जांची

- अष्टविनायक स्कूल खरकाली में आयोजित हुआ नि :शुल्क नेत्र एवं रक्त जांच शिविर
- अष्टविनायक स्कूल खरकाली में आयोजित हुआ नि :शुल्क नेत्र एवं रक्त जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



**यमुनानगर।** रादौर में अष्टविनायक पब्लिक स्कूल खरकाली में आयोजित नेत्र एवं रक्त जांच शिविर में बच्चों की आंखो की जांच करते हुए चिकित्सक।

अष्टविनायक पब्लिक स्कूल में भारत विकास परिषद लाडवा के तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र एवं रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्कूल के बच्चों की आंखों व रक्त की जांच की गई।

स्कूल के चेयरमैन डॉ. अमन पंजेटा ने शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. परम शिव व उनकी टीम ने 600 से अधिक बच्चों की आंखों की जांच की। स्कूल में छात्राओं के रक्त की जांच की गई। इस अवसर पर डॉ. परम शिव ने बच्चों को आंखों की देखभाल करने की विधि बताई। बच्चों को मोबाइल का कम से कम इस्तेमाल करने बारे अपील की गई। वहीं, शिविर में छात्राओं के रक्त की जांच की गई। जिन छात्राओं का हीमोग्लोबिन कम पाया गया उन्हें हीमोग्लोबिन बढ़ाने के आहार के तरीके बताए गए। डॉक्टर अमृतपाल गर्ग ने बच्चों को अपनी आहार आदतों को बदलकर हीमोग्लोबिन बढ़ाने के तरीके बताए। जिससे उनमें खून की कमी को पूरा किया जा सके।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रधानाचार्य आशा चौधरी, उप प्रधानाचार्य अरुण, अमित पंजेटा, अमन गोयल, प्रियंका, नवनीत, साहिल सिंघाल, अमृतपाल व बालकिशन आदि मौजूद रहे।


### गांव नाचरौन में चल रही श्रीराम लीला

# श्रीरामलीला मंचन में दिखाया भरत मिलाप का दृश्य

महिपाल सैनी ने रिबन काटकर किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब नाचरौन की ओर से गांव में रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। देर रात रामलीला का शुभारंभ मुख्यातिथि महिपाल सैनी फतेहगढ़ ने रिबन काटकर किया। बुधवार रात को रामलीला में भरत मिलाप दृश्य का मंचन किया गया। रामलीला में दिखाया गया कि जब भरत अयोध्या में पहुंचते हैं तो चारों ओर मातम का नजारा होता है। भरत को कैकई के कक्ष में राम को 14 वर्ष के वनवास का पता चलता है। इसी वियोग में महाराज दशरथ स्वर्ग सिधार गए। तभी भरत अपनी माता कैकई को काफी भला-बुरा कहते हैं और कौशल्या के पास जाकर उनसे माफी मांगते हैं। वे कहते हैं कि वह राम को वन से वापिस लेकर आएगा। उनके साथ कौशल्या सुमित्रा व केकई भी जाने की जिद करती हैं, तभी वह सारे एकत्रित होकर श्री राम प्रभु को लेने के लिए अयोध्या जाते हैं।



**यमुनानगर।** नाचरौन में चल रही श्रीरामलीला मंचन के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार।

उधर वनों में जाते हुए राम और लक्ष्मण की भेंट निषाद राज से होती है। वह उनको नदी पार करवाता है। चित्रकूट में पहुंचकर लक्ष्मण जी भारत को आता हुआ देखकर श्री रामचंद्र जी को होशियार होने के लिए कहते हैं। तभी श्री रामचंद्र लक्ष्मण को समझाते हैं कि भरत जब रामचंद्र के पास आकर वापस अयोध्या चलने को कहते हैं तो वह माता पिता की आज्ञा मानकर चलने से मना कर देते हैं।

#### ये थे मौजूद

मौके पर क्लब के प्रधान डॉ.लाभ सिंह, राहुल पुंडीर, राज शर्मा, सेठपाल शर्मा, धर्मबीर राणा, चंद्रपाल कोच, यशपाल राणा, मुकेश, प्रदीप राणा, रूपेंद्र, राजपाल व सोमपाल कश्यप आदि मौजूद थे।

## सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- गांव गुलाबगढ़ के समीप अज्ञात वाहन ने मारी थी टक्कर

कस्बा प्रतापनगर के गांव गुलाबगढ़ के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक युवक 12 सितंबर को वाहन की टक्कर लगने से घायल हुआ था। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार जगाधरी के गंगानगर कॉलोनी निवासी 32 वर्षीय पंकज कश्यप हलवाई का काम करता था। 12 सितंबर की शाम को अपनी बाइक पर प्रतापनगर की तरफ जा रहा था। जब वह गांव गुलाबगढ़ के समीप पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे पंकज सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। राहगीरों ने डायल 112 की टीम को हादसे के बारे सूचित किया। पुलिस टीम ने पंकज को यमुनानगर के सिविल अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए उसे चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया। चंडीगढ़ पीजीआई में भी पंकज की हालत में सुधार नहीं हुआ।

## दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना : खेल मंत्री गौरव गौतम ने प्रार्थियों से किया संवाद

# कुरुक्षेत्र की 27,000 महिलाओं को मिलेगा योजना का लाभ : गौतम

*खेल मंत्री व पूर्व राज्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग की 7 परियोजनाओं का किया शिलान्यास व उद्घाटन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के खेल एवं युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना से हरियाणा की महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बनेगी। इस योजना से पात्र महिलाओं के खातों में 2100 रुपए की आर्थिक सहायता हर माह जमा होगी। यह आर्थिक सहायता नहीं अपितु बेटी और महिलाओं का सम्मान है। इस योजना से जहां हरियाणा की लगभग 22 लाख महिलाओं को फायदा होगा, वहीं कुरुक्षेत्र की 27 हजार महिलाएं इस योजना का लाभ उठाएंगी। इस योजना के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से 5 हजार करोड़ रुपए का बजट भी तय किया है। हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम वीरवार को नए लघु सचिवालय के सभागार में प्रशासन की तरफ से दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के जिला स्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे।

- पात्र महिलाओं को 2100 रुपये की आर्थिक सहायता हर माह खाते में आएगी



कुरुक्षेत्र। समारोह में मंचासीन खेल मंत्री गौरव गौतम, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### योजना से महिलाएं बनेगीं सशक्त : सुधा

*हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना को अमलीजामा पहनाने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना से कुरुक्षेत्र की 27 हजार पात्र महिलाओं को फायदा होगा। इस सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए इस योजना को लागू किया है। यह योजना केवल सरकार का प्रयास नहीं बल्कि सबका संकल्प है। इस योजना का लाभ हर पात्र महिला को उठाना चाहिए और एप के माध्यम से पंजीकरण करवाना चाहिए इसके लिए विभागीय अधिकारी प्रार्थियों का मार्गदर्शन भी करेंगे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मेहमानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने लाभार्थियों की सहायता और समस्याओं का समाधान करने के लिए टोल फ्री नंबर 0172-4880500 व 18001802231 भी शुरू किए है। इन टोल फ्री नंबर पर कोई भी लाभार्थी फोन करके अपनी समस्या का समाधान भी करवा सकता है।*

### ये रहे मौजूद

इस कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने खेल मंत्री गौरव गौतम, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा व भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर जिला परिषद की सीईओ शम्भू राठी, डीएसडब्ल्यूओ सुरजीत कौर, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### पंडित दीनदयाल के जन्मदिवस की दी बधाई

खेल मंत्री गौरव गौतम, हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और प्रदेशवासियों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं भी दी है। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ऑनलाइन प्रणाली से जहां स्वास्थ्य विभाग की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया वहीं कुरुक्षेत्र में खेल मंत्री गौरव गौतम व पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने 2 करोड़ 94 लाख की लागत से एलएनजेपी अस्पताल परिसर की मुरम्मत एवं पेंटिंग, शौचालयों का नवीनीकरण, फाल सिलिंग कार्य, अस्पताल के प्रवेश द्वारों का सौंदर्यीकरण व विद्युत स्थापना कार्य का शुभारंभ किया। खेल मंत्री गौरव गौतम ने 55.50 लाख की लागत से गांव दयालपुर में बनने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र, गांव दीवाना में 55.50 लाख की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र, 66.95 लाख की लागत से गांव हरिगढ़ भौरख में बनने वाले स्वास्थ्य केन्द्र, गांव अंटहेडी में 55.50 लाख की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र, गांव बिहोली में 4 करोड़ 25 लाख की लागत से बनने वाली पीएचसी तथा 50 लाख की लागत से गांव बाबैन में वीपीएचयू परियोजना का शिलान्यास किया।

### 5000 करोड़ का किया प्रावधान

*खेल मंत्री ने प्रदेश की महिलाओं को दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना सौगात देने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 के संकल्प पत्र में महिलाओं को हर माह 2100 रुपए की वित्तीय सहायता देने का संकल्प किया था। इस संकल्प को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री ने 5 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया और आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस पर इस योजना का शुभारंभ किया।*

### खेल मंत्री ने स्वास्थ्य शिविर का किया अवलोकन

स्वास्थ्य विभाग की तरफ से नए लघु सचिवालय के सभागार में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार योजना के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसके अलावा जिला प्रशासन की तरफ से आधार कार्ड, बिजली विभाग, स्टेट बैंक आफ इंडिया,पंजाब नैशनल बैंक, परिवार पहचान पत्र, डोमिसाइल और अन्य कार्य करवाने के लिए हैल्प डैस्क स्थापित किए गए। खेल मंत्री गौरव गौतम, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी व उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि एसएसएनएसपी के तहत 24 सितंबर तक 503 शिविर लगाए जा चुके है। इन शिविरों में 23 हजार 669 महिलाओं और पुरुषों का पंजीकरण किया गया है। इसमें महिलाओं की संख्या 16479 शामिल है। इस शिविर में 210 से ज्यादा मरीजों की जांच की गई।

## तथ्यों पर आधारित है रास कला मंच का रामायण उत्सव : स्वामी ज्ञानानंद

# देश में पहली बार रामायण उत्सव का गीता ज्ञान संस्थानम में मंचन

स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गीता ज्ञान संस्थानम् में रामायण उत्सव का मंचन किया गया। रास कला मंच सफीदों मंचित किए गए इस रामायण उत्सव का शुभारंभ गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया। उत्सव के पहले दिन राम जन्म, ताड़का और सुबाहू सहित अनेक असुरों का वध, राम बनवास, दशरथ निधन, भरत मिलाप, सीता हरण तथा सूर्पनखा की नाक काटने जैसे दृश्य राष्ट्र के प्रबुद्ध कलाकारों द्वारा मंचित किए गए। देश में पहली बार गीता ज्ञान संस्थानम में मंचित इस रामायण उत्सव में दर्शक बड़ी संख्या में पहुंचे। इस उत्सव के प्रति दर्शक का उत्साह इतना ज्यादा था कि पंडाल छोटा पड़ गया। दर्शकों ने पूरे उत्साह के साथ उत्सव का आनंद लिया और कलाकारों का हौसला बढ़ाया। रामायण उत्सव के निर्देशक रवि मोहन भारद्वाज ने जानकारी दी कि इस उत्सव में देश भर के विभिन्न प्रदेशों के करीब 125 उत्कृष्ट कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। इस रामायण उत्सव का मंचन पहली बार गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद की आशीर्वाद से गीता ज्ञान संस्थानम में चल रहा है।

### कलाकारों की प्रशंसा की

इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने अपने आर्शीवचन में रास कला मंच के कलाकारों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि यह रामायण उत्सव तथ्यों पर आधारित है। इसमें महर्षि वाल्मीकि रामायण, तुलसीदास द्वारा रचित राम चरित्र मानस सहित अनेक रामायण से तथ्य लिए गए हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मबीर मिजापुर, नगर परिषद थानेसर की अध्यक्षा प्रतिनिधि मलकीत ढांडा, विजय पाल सफीदों, मंगत राम जिंदल, सुरेंद्र जैन, मदन मोहन छाबड़ा, प्रेरणा संस्था संस्थापक डॉ. जयभगवान सिंगला, प्रसिद्ध समाजसेवी महावीर मढाण, राधे श्याम थन्नैई, राजेंद्र चोपड़ा, विजय नरूला, गीता ज्ञान संस्थानम् के मीडिया प्रभारी रामपाल शर्मा, गुरदयाल सुनहेड़ी, पंजाब के अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेश मेहता, संजय कोछड़, चंडीगढ़ से आए नीरज मक्कड़ सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सरस्वती तीर्थ पर चलाया मेगा सफाई अभियान

**पिहोवा।** उपमंडल अधिकारी नागरिक अभिनव सिवाच आईएएस ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में स्वच्छ पिहोवा मेरा पिहोवा मेरा अभिमान के तहत लगातार अभियान चलाकर सफाई कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में वीरवार को प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक सरस्वती तीर्थ पर एक घंटा एक साथ कार्यक्रम चलाया गया, जिसमें आमजन को सफाई के प्रति जागरुक किया गया। इस शुभ कार्य में नगरपालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि ने भी श्रमदान देकर सफाई कार्य में हिस्सा लिया।

### पशुधन स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

**पिहोवा।** वीएलडीए डा. शमशेर ने कहा कि देशभर में 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से गांव बीबीपुर कलां में पशुधन स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें पशुपालकों को पशुओं के बीमारी से बचाव और रखरखाव की जानकारी दी गई। शिविर में 80 से अधिक पशुपालकों को उनके पशुओं के लिए पेट के कीड़ों सहित कई बीमारियों की दवाई दी गई। वीएलडीए डा. शमशेर ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार द्वारा हाइटेक और मिनी डेयरी यूनिट योजना लागू की गई है। इसके तहत इच्छुक लोगों को आवश्यक शर्तें पूरी करने के बाद डेयरी यूनिट स्थापित करने पर ऋण व सब्सिडी सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

# मुख्य मार्गों पर फलैक्स बोर्ड लगाने वाले दुकानदारों के काटे चालान

## एसडीएम शाश्वत सांगवान ने ली जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

एसडीएम शाश्वत सांगवान ने कहा कि ट्रेफिक नियमों की अवहेलना करने पर चालक का ड्राईविंग लाईसेंस रद्द करने के प्रयास पर मंथन किया जाएगा। अगर चालक के तीन बार चालान होंगे तो उसका लाईसेंस 2 साल के लिए भी रद्द हो सकता है। इस जिले में सडक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए और ट्रैफिक नियमों की पालना करवाने के लिए जिला सडक सुरक्षा की बैठक के तमाम सदस्यों ने इस प्रकार के निर्णय लिए है। एसडीएम शाश्वत सांगवान वीरवार को देर सायं लघु सचिवालय के सभागार में जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।


कुरुक्षेत्र। संबोधित करते एसडीएम शाश्वत सांगवान।

### सड़क सुरक्षा को लेकर मांगें सुझाव

*एसडीएम शाश्वत सांगवान ने सडक दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से समिति की बैठक में पहुंचे सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से सुझाव मांगे। इस बैठक में एक दर्जन से ज्यादा अधिकारियों, कर्मचारियों ने सुझाव भी दिए। एसडीएम ने कहा कि इन सभी सुझावों पर आगामी 7 दिनों में कार्रवाई की जाएगी अच्छे परिणाम भी देखने को मिलेंगे।*

### महिलाओं को सुरक्षा देगी दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना : शर्मा

**पिहोवा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा राज्य की 23 वर्ष से 60 वर्ष तक की महिलाओं के लिए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना हरियाणा राज्य में शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी द्वारा घोषित इस योजना के लिए एक एप का इस्तेमाल किया जाएगा। इस एप को डाऊनलोड करके महिलाएं योजना का लाभ ले सकती हैं। उन्होंने एक लाख से कम इनकम वाले परिवार की महिलाओं को योजना के लिए जरूरी कागजात इस एप पर अपलोड करके योजना का लाभ उठाने की अपील की। लाईव प्रसारण में विकसित भारत एवं दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना पर लघु वीडियो भी प्रसारित किया गया।

# बिजलीकर्मियों का मांगों को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

आल हरियाणा पावर कॉपोरेशन वर्कर यूनियन पिहोवा यूनिट की सब यूनिट शहरी ने उपमंडल शहरी के खिलाफ दूसरे दिन गेट मीटिंग की जिसकी अध्यक्षता सब यूनिट शहरी उप प्रधान प्रदीप सहारण ने की और मंच का संचालन सब यूनिट शहरी सुरेंद्र सिंह ने किया। कर्मचारियों को संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए प्रदीप सहारण ने कहा कि कुछ दिन पहले उपमंडल अधिकारी ने 15 सेफ्टी किट निकलवाई थी लेकिन आज तक कर्मचारियों को सेफ्टी किट उपमंडल अधिकारी द्वारा नहीं दी गई। कर्मचारियों का कार्य रिस्क का है बिना सेफ्टी किट के कर्मचारियों को जान जोखिम में डालकर कार्य करने को मजबूर हो रहें है । बिना सेफ्टी किट के लाइन पर कार्य करते समय कर्मचारी के साथ कोई भी हादसा हो सकता है लेकिन उपमंडल अधिकारी को पहले भी मीटिंग में अवगत करवा दिया था फिर भी अधिकारी ने कोई ध्यान नहीं किया।

- *बार-बार अवगत कराने पर भी अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान*


पिहोवा। नारेबाजी करते बिजली कर्मचारी।

### लापरवाही के कारण हादसे का खतरा

*अधिकारी जानबूझ कर्मचारी की समस्याओं पर कर लापरवाही कर रहा है जिसके कारण कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। रिकवरी में कोई बाधा ना पहुंचे लेकिन अधिकारी द्वारा यूनियन को धरना प्रदर्शन करने को मजबूर किया जा रहा है। जब तक अधिकारी द्वारा कर्मचारियों की बातचीत द्वारा समाधान नहीं होता तब तक गेट मीटिंग जारी रहेगी। इस मौके पर मुकेश गोस्वामी, मोहिंद्र वर्मा, दिनेश राणा, फकीर चंद, राहुल, अमित, विजय कुमार, जोनी वर्मा, वरुण गुप्ता, बिंद्रु, विजय, दीपक सैनी, बलवान, सतीश, अनिल, बंटी पाल, सतीश, पंकज पूरी, सुखविंदर सिंह, लवली, रमन,रमेश कुमार आदि कर्मचारी उपस्थित थे।*

### पिहोवा मार्किट कमेटी के चेयरमैन बने तरणदीप सिंह वड़ैच, नंदलाल सिंगला वाइस चेयरमैन

**पिहोवा।** पिहोवा मार्किट कमेटी में हरियाणा सरकार की ओर से तरणदीप सिंह वड़ैच को चेयरमैन तथा अनाज मंडी के पूर्व प्रधान नंदलाल सिंगला को वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया। इस अवसर पर सभी आढ़ती भाइयों व समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने दोनों नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और फूल मालाओं के साथ ढोल बजाकर लड्डू बांटकर जोरदार स्वागत किया। सभी व्यापारी भाइयों ने मंडी के विकास की नई दिशा की उम्मीद जताई। नवनयुक्त मार्केट कमेटी के अध्यक्ष बने सरदार तरणदीप सिंह वड़ैच ने विश्वास जताया कि वे पूरी निष्ठा से आढ़ती भाइयों और किसानों की सेवा करेंगे और मंडी को सुविधाओं के क्षेत्र में अग्रणी बनाएंगे। वहीं वाइस चेयरमैन नंदलाल सिंगला ने कहा कि किसानों और व्यापारियों की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा। नंदलाल सिंगल पहले भी अनाज मंडी पिहोवा के प्रधान व अनाज मंडी जिला के उप प्रधान भी रह चुके हैं। दोनों पदाधिकारियों ने हरियाणा सरकार का विशेष आभार जताते हुए कहा कि सरकार की पारदर्शी नीतियों और सहयोग से ही यह संभव हुआ है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री व सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाकर मंडी के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।


तरणदीप सिंह


नंदलाल सिंगला।


# नवरात्रों में देवी के रूप में पूजी जाती सांझी माई

*शक्ति के अलग-अलग स्वरूपों की प्रतीक है सांझी माता*

- संस्कृति विशेषज्ञ डॉ. महासिंह पूनिया ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

लोकजीवन में सांझी दुर्गा के रूप में पूजी जाती है। सांझी माई को पार्वती के अवतार के रूप में जाना जाता है। इस प्रकार नवरात्रों में सांझी की पूजा होती है। प्रथम नवरात्रे से पूर्व घर की दीवार पर गोबर का आधार बनाकर मिट्टी से सांझी माता तैयार की जाती है। इसकी पूजा के लोकजीवन में अलग-अलग स्वरूप विद्यमान हैं। सांझी माता की पूजा प्रथम नवरात्रे से शुरू होती है और नौवें नवरात्रे तक पूजी जाती है। दशमी यानि कि



विजयदशमी के दिन सांझी को उतारकर दुर्गा माता की तर्ज पर पानी में विसर्जित कर दिया जाता है। यह जानकारी संस्कृति विशेषज्ञ डॉ. महासिंह पूनिया ने दी।

### रोज बालिकाएं करती पूजा

पूनिया ने बताया कि नवरात्रों में हर रोज बालिकाएं सांझी की पूजा करती हैं। इसको खाना खिलाती हैं और अपने भावों का तादृतम्य सांझी के गीतों में अभिव्यक्त करती हैं। डॉ. पूनिया ने बताया कि विजयदशमी के दिन शाम को सांझी का मुंह उतारने से पहले घर में देवी की कढ़ाई की जाती है और सांझी के खाने के लिए हलवा बनाया जाता है। सांझी के मुंह की पूजा एवं उसे हलवा खिलाने के पश्चात उसे उतार लिया जाता है। तत्पश्चात आस-पास की सभी बालिकाएं झुण्ड के रूप में पास के किसी तालाब या नदी में उसे एक सुराखदार मटके में रखकर, जिसमें जलते हुए चौमुखे दीपक रखे जाते हैं, विसर्जित कर दिया जाता है।


कुरुक्षेत्र। मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### श्रद्धालुओं ने बांधे मन्नत के धागे

**कुरुक्षेत्र।** माँ भद्रकाली शक्तिपीठ कुरुक्षेत्र में माँ भद्रकाली जी को पीले वस्त्र पहनाकर पूजन किया गया। मंगला आरती प्रातः 6 बजे मुख्य पुजारिन शिमला देवी द्वारा की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीमा जैन शामिल हुई। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि इस बार 24 और 25 सितंबर, दोनों ही दिन तृतीया तिथि है। उन्होंने ये भी कहा कि हम सभी को अपने सनातन धर्म की जानकारी, इनके पीछे की कहानी और समृद्ध विरासत का ज्ञान और पूजा-नित्यकर्म विधान जानना चाहिए। मंदिर में शक्ति त्रिशूल पर भी मन्नत का धागा बांधने वालो की भारी भीड़ देखी गई। लाल ध्वज को अपने घर पर लगाने के लिए ले जाने वालों और अपने घरों व कालोनियों में जागरण कराने वाले श्रद्धालु भी माँ की ज्योति मंदिर से प्रज्ज्वलित करवाने के लिए काफी संख्या में शक्तिपीठ पहुंचे। पीठाध्यक्ष ने आगे बताया की नवरात्रों में प्रतिदिन की तरह व्रत भंडारा दोपहर 12 बजे आयोजित किया गया और अन्नपूर्णा भंडारा अनिल कुमार द्वारा दिया गया।


कुरुक्षेत्र। विजेताओं को सम्मानित करते अतिथिगण।

### असफलताओं से घबराने नहीं बल्कि उन्हें सफलता की सीढ़ी बनाकर आगे बढ़ें : वशिष्ठ

**कुरुक्षेत्र।** बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़े रखने एवं ज्ञानवर्धन के लिए विद्या भारती प्रत्येक वर्ष गणित, विज्ञान, संगणक एवं संस्कृति महोत्सव का आयोजन करती है। इसी श्रृंखला में विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय द्वारा किशोर व तरुण वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संकुल स्तरीय गणित, विज्ञान, संगणक मेला एवं संस्कृति महोत्सव का आयोजन गीता निकेतन आवासीय विद्यालय सहारनपुर रोड के प्रांगण में किया गया। हिंदू शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ ऋषिराज वशिष्ठ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कलेर, गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के प्राचार्य नारायण, गीता सह शिक्षा विद्यालय की उपाध्यक्ष श्रीमती किरण गर्ग, विद्यालय प्राचार्या सुमन बाला भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.ऋषिराज वशिष्ठ ने विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी एवं कहा कि मेहनत कभी भी विफल नहीं होती। हमें असफलताओं से घबराना चाहिए अपितु उन्हें सफलता की सीढ़ी बनाकर आगे बढ़ना चाहिए।

**कार्यक्रम** | जिला स्तरीय कल्चरल फेस्टिवल का किया आयोजन

# कल्चरल गतिविधियां केवल मनोरंजन का नहीं बल्कि सामाजिक बदलाव का भी साधन : सुधा

*उत्सव संस्कृति को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित हो रहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शिक्षा विभाग का जिलास्तरीय कल्चरल फेस्टिवल गुरुवार को पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के केशव सभागार में आयोजित किया गया। समारोह का उद्घाटन पूर्वमंत्री सुभाष सुधा ने किया जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने की। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा हर क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान गढ़ रहा है, सांस्कृतिक उत्थान हो रहा है। लोक कलाओं का संरक्षण व संवर्धन हो रहा है। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित यह उत्सव संस्कृति को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित हो रहा है।



कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा व बच्चे।

### गीत संगीत भारतीय संस्कृति का अहम पहलू

*विद्यार्थियों की प्रतिभा निश्चित तौर पर प्रभावित करने वाली है। उन्होंने कहा कि गीत संगीत भारतीय संस्कृति का अहम पहलू हैं। यह गतिविधियां केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि सामाजिक बदलाव का भी साधन हैं। बेटी बचाओ व स्वच्छता जैसे अभियानों की सफलता में इन कलाओं का अहम योगदान रहा है। प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश को अग्रणी राज्य बनाने में जुटी है। कुरुक्षेत्र एक अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र के रूप में उभर रहा है तथा आए दिन होने वाली इन गतिविधियों से इस पहचान को और मजबूती मिलती है।*

### कला उत्सव में 1000 विद्यार्थी लेंगे हिस्सा

सुभाष सुधा ने कहा कि वे पिछले 11 सालों से कला उत्सव से सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं। ये स्पर्धाएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखार देती हैं। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि सुभाष सुधा लगातार दस सालों से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं जिसके चलते राज्यस्तरीय कला उत्सव की मेजबानी हर वर्ष कुरुक्षेत्र को मिल रही है। कला उत्सव में कक्षा 6 से 8 व 9 से 12वीं तक की 120 टीमें और 1000 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। समग्र शिक्षा की जिला परियोजना समन्वयक इंदु कौशिक ने बताया कि कल्चरल फेस्टिवल के तहत हरियाणवी एकल व समूह नृत्य, रागनी व स्किट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हैं, जिनमें खण्ड स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम भाग ले रही हैं। विजेता टीम राज्यस्तरीय कला उत्सव में भाग लेंगे। समाचार लिखे जाने तक प्रतियोगिता जारी थीं। इस अवसर पर बीईओ थानेसर अपर्णा, जिला उल्लास समन्वयक संजय कौशिक सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन सतबीर कौशिक व डॉ मोनिका भारद्वाज ने किया।

## खबर संक्षेप

### पोषण माह के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन

**नारायणगढ़।** पोषण माह के अवसर पर महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत चल रही गतिविधियों में राजकीय महाविद्यालय परिसर में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर छात्राओं के लिए एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर देवेंद्र ढींगरा ने की। उन्होंने मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित विमल एवं उनकी टीम के सदस्य सुरेंद्र कुमार का स्वागत किया।

### डेरा में जागरुकता कैंप आयोजित

**नारायणगढ़।** सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत गांव डेरा में आयोजित जागरूकता कैंप में मत्स्य पालन विभाग के फील्ड असिस्टेंट गुरपाल सिंह ने किसानों को मत्स्य पालन से जुड़ी विभिन्न जानकारियां प्रदान की। उन्होंने कहा कि कृषि कार्य के साथ-साथ मत्स्य पालन से अतिरिक्त आय प्राप्त की जा सकती है। उन्होने बताया कि 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है।

### 'दोस्त पुलिस' कार्यक्रम में छात्रों को दी जानकारी

**अंबाला।** पुलिस को सिर्फ अपराधियों का दुश्मन नहीं, बल्कि आम नागरिकों का दोस्त भी समझा जाए। इसी सोच के साथ वीरवार को अंबाला कैंट थाना में 'दोस्त पुलिस' कार्यक्रम का आयोजन किया। दोस्त की भूमिका में मौजूद पुलिसकर्मियों ने एसडी कन्या स्कूल की 55 छात्राओं को पुलिस की भूमिका की जानकारी दी। अंबाला कैंट थाना के कार्यवाहक प्रभारी अनिल कुमार ने छात्रों को बताया कि कैसे थाने में आकर सबसे पहले मुंशी कक्ष में जाकर शिकायत दर्ज करवाई जाती है।

### खेल महाकुंभ में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**अंबाला।** राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ ओपन कैटेगरी पुरुष व महिला वर्ग में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। पहले दिन स्वीमिंग व जिम्नास्टिक खेल की प्रतियोगिता करवाई गईं। यह प्रतियोगिता 26 सितंबर तक कराई जाएंगी। खेल महाकुंभ प्रतियोगिता का शुभारंभ आईजी अंबाला मंडल पंकज नैन ने किया। खेल महाकुंभ में 22 जिलों से टीमों के 1100 महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### रंजिशन हमला करने पर दो के खिलाफ केस

**जींद।** गांव रामकली में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर जुलाना थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव रामकली निवासी रमेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पडोसी रमेश से कहासुनी हो गई थी।

### कैथल: मारपीट में दो व्यक्ति घायल, केस

**कैथल।** कस्बा कलायत में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव ढूंढवा के संजू ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 30 अगस्त को जब महिला कॉलेज कलायत के सामने से गुजर रहा था तो राहुल, रविंद्र, अनिल व दो अन्य युवकों ने मिलकर ईंटों से हमला करते उसे घायल कर दिया।

विज बोले, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए सिद्धांतों पर चलते हुए केंद्र व प्रदेश में भाजपा सरकार कर रही गरीबों का उत्थान

# दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ एप के जरिए पात्र महिलाओं का रजिस्ट्रेशन

**पंडित दीनदयाल एक महान विचारक और अर्थ शास्त्री थे**

*अन्त्योदय के मूलमंत्र के अनुरूप प्रदेश व केन्द्र सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े योग्य पात्र व्यक्ति के कल्याण के लिए कार्य कर रही हैं, ऊर्जा मंत्री ने कहा कि नवरात्रों के शुभ अवसर पर महिलाओं को और सशक्त करने की दिशा में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ किया गया हैं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

राज्य सरकार की ओर से वीरवार को दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के शुभारंभ हो गया। इस सिलसिले में जिले में जिला व ब्लॉक स्तर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अंबाला छावनी के सिविल अस्पताल में परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज व राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने आयोजित कार्यक्रम में हिस्सेदारी की। यहां अपने संबोधन में विज ने कहा कि भाजपा सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए गए सिद्धांतों पर चलते हुए केंद्र व प्रदेश में गरीबों के उत्थान के लिए कार्य कर रही हैं और पंक्ति में खड़े अंतिम योग्य व्यक्ति के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे पहले यहां पहुंचने पर विज व राज्यसभा सांसद का सिविल सर्जन डॉ राकेश सहल, पीएमओ डॉ. पूजा व अन्य ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। विज ने कहा कि पंडित दीनदयाल एक महान विचार व अर्थ शास्त्री थे तथा देश को उन्नति के लिए उन्होनें मूलमंत्र भी दिए हैं। अन्त्योदय के मूलमंत्र के अनुरूप प्रदेश व केन्द्र सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े योग्य पात्र व्यक्ति के कल्याण के लिए कार्य कर रही हैं। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि नवरात्रों के शुभ अवसर पर महिलाओं को और सशक्त करने की दिशा में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ किया गया हैं। दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत प्रदेश में प्रथम चरण में लगभग 30 लाख महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा।



**अंबाला।** लाड़ो योजना के शुभारंभ पर महिलाओं व अन्य को संबोधित करते मंत्री अनिल विज।

### बेटियों को मिलेगा सामाजिक-आर्थिक सम्मान

अंबाला। भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती व दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की सभी को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के द्वारा आज माताओ, बहनो और बेटियों के सामाजिक एवं आर्थिक सम्मान के लिए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरूआत की है। राणा वीरवार को लाडो लक्ष्मी योजना को लेकर अंबाला शहर के जिला नागरिक अस्पताल में आयोजित स्तरीय कार्यक्रम मे बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस दौरान उनके साथ विशिष्ट अतिथि विधानसभा संयोजक रितेश गोयल व एसडीएम दर्शन कुमार भी मौजूद रहें। स्वास्थ्य विभाग से पीएमओ रेनु बेरी व अन्य संबंधित ने उनका यहा पंहुचने पर पुष्प गुच्छ देकर हार्दिक अभिनंदन किया। इससे पहले पंचकूला से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के शुभारंभ किया गया। राणा ने कहा कि यह बडा ही गर्व का विषय है कि हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती मना रहे हैं। उनकी जयंती के शुभ अवसर पर महिलाओं को सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त बनाने को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना एप का शुभारम्भ किया गया है। इसके साथ-साथ विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास भी शामिल है। उन्होंने कहा यह योजना हमारी बेटियों व महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा व आत्मनिर्भरता की नई राह प्रदान करेगी।



**अंबाला।** पात्र महिला को सम्मानित करते जिलाध्यक्ष मनदीप राणा व अन्य।

### विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें अंबाला से खानपुर ब्राहम्णा, पिलखनी, उगाला, तलहेडी रांगडान, मुलाना, जफरपुर, नन्हेड़ा, जटवाड़, कोडवा खुर्द, संतोखी में उप स्वास्थ्य केंद्रों व ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट शहजादपुर का शिलान्यास शामिल है। ओंकार सेवा वेलफेयर सोसायटी के सौजन्य से बेटी बचाओ बेटी पढाओ के तहत 108 नवजात शिशुओं के अभिभावकों को बधाई किट व टीबी के मरीजों को निक्षय मित्र कार्यक्रम के तहत 130 निक्षय पोषण किट वितरित किए।



**अंबाला।** राज्यसभा सांसद लोगों को संबोधित करते।

### हर वर्ग का कल्याण कर रही सरकार

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने यह भी कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं क्रियान्वित की हुई हैं। महिलाओं के उत्थान के लिए भी योजनाएं लागू की गई है जिनमें ड्रोन दीदी योजना, लखपति दीदी योजना, उज्जवला योजना, जमीन संबधी रजिस्ट्री में महिलाओं को छूट के साथ-साथ चुनाव में 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण देना व अन्य शामिल हैं। आज दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना भी इसमें शामिल है, निसंदेह इस योजना से महिलाओं को मजबूती मिलेगी।

### लाडो लक्ष्मी योजना की पात्रता

इस योजना के तहत लाभ के लिए 23 वर्ष से 60 साल तक की महिला पात्र हैं। महिला के परिवार की सत्यापित वार्षिक आय एक लाख रूपए से अधिक न हो। वह स्वयं या उसके पति (यदि वह दूसरे राज्य से हरियाणा में विवाहित हुई है) आवेदन के समय पिछले 15 वर्षों से हरियाणा के वासी हो। एक परिवार में कितनी भी पात्र महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। यदि कोई महिला पहले से ही कुछ सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त कर रही है तो वह इस योजना के लिए पात्र नहीं होगी।

**▶▶ योजना के लाभ के लिए जरूरी हैं दस्तावेज**

हरियाणा निवास प्रमाण पत्र, आधार आईडी (स्वयं और सभी परिवार के सदस्यों की), यदि विवाहित हैं, तो ससुराल पक्ष के सभी सदस्यों की आधार आईडी, बिजली कनेक्शन नंबर, एचकेआरएनएल रजिस्ट्रेशन नंबर अगर कोई निगम में सेवा में है। महिला/परिवार के सदस्यों के के नाम पर रजिस्टर वाहनों का विवरण, महिला के नाम पर रजिस्टर बैंक खाता होना जरूरी है।

### पात्र महिलाओं का हुआ रजिस्ट्रेशन

नारायणगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को पंचकुला से दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ किया। यहां आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर एसडीएम शिवजीत भारती ने फूलों का गुलदस्ता देकर डॉ. पवन सैनी का स्वागत किया। दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के एप के शुभारंभ के उपरांत यहां पर एक पात्र महिला ममता ढींगरा का पंजीकरण एप के माध्यम से पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी द्वारा करवाया गया। पंजीकरण होने पर ममता ढींगरा ने यह योजना शुरू करने के लिए सीएम नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया। उपस्थित महिलाओं एवं अन्य लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने कहा कि सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता और क्रीडा विभाग के अधिकारी/कर्मचारी इस योजना के बारे में अधिक से अधिक पात्र महिलाओं का पंजीकरण करवाएं।

तीन कर्मचारियों पर गिर चुकी गाज

# फरार चोरी के आरोपी का नहीं लगा सुराग

- आरोपी लालडू रेलवे स्टेशन के नजदीक से भाग गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

आरपीएफ की गिरफ्त से भागे चोरी के आरोपी का अभी तक सुराग नहीं लग पाया है। आरपीएफ की टीम ने उच्चाधिकारियों को भी समय पर इस मामले की जानकारी नहीं दी। इसी वजह से आरोपी को पकड़ने के लिए न तो अतिरिक्त फोर्स मौके पर भेजी जा सकी और न ही अन्य कोई प्रबंध हो पाए। जबकि आरोपी लालडू रेलवे स्टेशन के नजदीक से भाग गया था। अब इस मामले में आरपीएफ के आग्रह पर रेलवे कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए हैं। इस मामले के लिए आरपीएफ की तीन टीमों का गठन किया गया है। इस मामले में लापरवाही बरतने पर उच्चाधिकारियों ने तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है, इसमें एक उप निरीक्षक सहित दो सिपाही शामिल हैं। यह कार्रवाई अंबाला रेल मंडल में तैनात आरपीएफ के वरिष्ठ सुरक्षा आयुक्त अरुण त्रिपाठी के निर्देश पर हुई।

# श्रमिकों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में दिखाया दमखम

## कोविड़ के बाद पहली बार हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड की ओर से श्रमिकों के लिए करवाई गई प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा अंबाला छावनी के वार हीरोज स्टेडियम में राज्य स्तरीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रम मंत्री अनिल विज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए विजेता खिलाडियों को ट्राफी भेंट कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। इससे पहले श्रम मंत्री का यहां पहुंचने पर श्रम विभाग के आयुक्त मनीराम शर्मा व अन्य अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका भव्य अभिनंदन किया। विज ने इस मौके पर हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा यहां पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करने के लिए विभाग को बधाई दी और कहा कि इससे खेल में रूचि रखने वाले खिलाडियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आगे बढने का बेहतर अवसर मिलता है। उन्होंने इस मौके पर खिलाडियों से मिलते हुए उन्हें जीवन में आगे बढने के लिए प्रोत्साहित भी किया। गौरतलब है कि श्रमिकों के उत्थान के लिए श्रम विभाग द्वारा खेल जगत में रूचि रखने वाले खिलाडियों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन भी करवाया जाता है। श्रम कल्याण विभाग ऐसी प्रतियोगिताएं हर वर्ष करवाता है। खेलों में भाग लेने से खिलाड़ी मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत भी बनते हैं।



**अंबाला।** कुश्ती प्रतियोगिता में दम दिखाते श्रमिक।

### रस्सा-कस्सी, कब्बडी, दौड़, लोंग जंप होंगे

इस अवसर पर श्रम विभाग के कमीशनर मनीराम शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि संगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों के लिए श्रमिक कल्याण बोर्ड गठित किया हुआ है। श्रमिक कल्याण बोर्ड वर्ष 2006-07 से निरंतरता में खेल प्रतियोगिताएं करवा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में कोविड आने के चलते खेल प्रतियोगिताएं नहीं हो सकी थी। अब यहां पर 6 वर्ष के बाद राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का दोबारा से आयोजन करवाया गया है। इन प्रतियोगिताओं में रस्सा-कस्सी, कब्बडी, दौड़, लोंग जंप व अन्य शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के लिए लगभग 22 योजनाएं क्रियान्वित की हुई हैं। इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए ऑनलाईन आवेदन करने का प्रावधान है और प्रार्थियों को योजना का लाभ भी सीधा उनके खाते में किया जाता है। उन्होंने योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि श्रमिक के परिवार में यदि किसी लडकी की शादी है कि उसके लिए 51000 रूपए, सिलाई व साईकल खरीदने के लिए अनुदान के साथ-साथ यदि किसी पंजीकृत श्रमिक की दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है तो उसे 5 लाख रूपए, विकलांग होने पर 2 से 3 लाख रूपए दिए जाने का प्रावधान है। इसके साथ-साथ अन्य योजनाओं का लाभ भी सुगमता से लिया जा सकता है।

# लोंग बाजार में छात्रों का सजा स्टाल

- शिक्षकों ने जमकर की तारीफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज के वन डे लोंग बाजार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ज्वाइंट डायरेक्टर विशाल शर्मा, विशिष्ट अतिथि जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी प्रो. रेणु ऋषि व कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. देशराज बाजवा ने किया। इस बाजार में विभिन्न कॉलेजों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जिनमें प्रतिभागियों ने अपने बनाए उत्पादों का प्रदर्शन किया। उत्पादों में वेस्ट मटेरियल व जूट से ज्वेलरी और डेकोरेशन मटेरियल बनाया गया। साथ ही इंटर कॉलेज पोस्टर मेकिंग , बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 250 छात्रों ने भाग लिया। प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा ने ने बताया कि वन डे लोंग बाजार का उद्देश्य छात्रों की रचनात्मकता और प्रतिभा को प्रदर्शित करना था। इस तरह के आयोजनों से छात्रों में नवाचार और सृजन की भावना को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किए। प्रिंसिपल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रतिभागियों, अतिथि व कॉलेज स्टाफ को धन्यवाद किया।





**अंबाला।** मुख्यअतिथि का अभिनंदन करते कॉलेज प्राचार्य बाजवा।

### स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा 2 नशा तस्कर काबू

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा थाना तितरम क्षेत्र से 2 आरोपियों को काबू किया गया है। जिनके कब्जे से 163 किलो 755 ग्राम डोडा पोस्त बरामद करके नशा तस्करी में प्रयुक्त ट्रक जब्त कर ली गई। प्रेस वार्ता दौरान जानकारी देते हुए एसपी उपासना ने बताया की स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में एएसआई संदीप कुमार, एचसी देवेंद्र सिंह व सिपाही कुलदीप कुमार की टीम 24 सितंबर को सांयकालीन गश्त गांव नरड़ एनएच-152 पुल के नीचे मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को गुप्त जानकारी मिली कि एनएच-152 हिसार चंडीगढ़ रोड़ गांव नरड़ पर निर्माणाधीन पेट्रोल पंप के पास एक ट्रक बंद बॉडी कंटेनर खडा हैं।

# ओंकार के प्रति जागना सुमिरन है : सिद्धार्थ औलिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

समर्थगुरु धाम मुरथल में आयोजित समर्थगुरु संसद के समापन कार्यक्रम में समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने 2025 - 2026 हेतु आचार्य दर्शन को समर्थगुरु धारा के केन्द्रीय संयोजक की जिम्मेदारी दी है। आचार्य कुंज बिहारी जी को समर्थगुरु धारा हिमाचल में संयोजक का कार्यभार दिया है। जम्मू कश्मीर के लिए आचार्य शिवम, हरियाणा के लिए आचार्य सुभाष, पंजाब के लिए आचार्य डा.मुनीश, गुजरात के लिए आचार्य कार्तिकेय, दिल्ली के लिए आचार्य एकान्ता मां, अंतराष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर के लिए आचार्य अमरेश झा, मध्यप्रदेश के लिए सीमा तिवारी, छत्तीसगढ़ के लिए आचार्य संतोष चंद्रा, बिहार के लिए आचार्य डॉ.प्रभात और मीडिया के प्रसार हेतु संदीप नैन को कार्यभार दिया है।



### सांस्कृतिक कार्यक्रम किए प्रस्तुत

वूमेन एंपावरमेंट के लिए राष्ट्रीय संयोजक डा. रचना और डा. अनिता मिश्रा को वूमेन एंपावरमेंट हिमाचल का संयोजक बनाया गया है। इस दौरान समर्थगुरू जी का जन्म दिन देश विदेश से आए साधकों ने बड़े उमंग, उल्लास और धूमधाम से उत्सव के रूप में मनाया। आचार्य एकान्ता मां ने स्टेज का सुंदर संचालन किया। आचार्य डॉ. शिवम शर्मा और स्वामी अजय के निर्देशन में जम्मू और कश्मीर की टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। समर्थगुरू सिद्धार्थ औलिया ने ट्विटर के माध्यम से बताया कि बहिर्जगत के प्रति जागना एकाग्रता है, अंतर्जगत के प्रति जागना द्रष्टा है और निराकार के प्रति जागना ध्यान है। इसी तरह ओंकार के प्रति जागना सुमिरन है, जबकि अंतराकाश के प्रति जागना समाधि है।

### कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र में चलाया सफाई अभियान

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, कुरुक्षेत्र द्वारा विशेष अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा 2025 एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. आर. ऋषि ने विशेष रूप मे भाग लिया। डॉ. आर. ऋषि ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को उद्धृत करते हुए समाज में इनके विचारों को अपनाने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से स्टाफ और स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए केन्द्र के शिक्षा अधिकारी जीतेन्द्र कुमार दास ने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि जीवनशैली होनी चाहिए। केंद्र में स्वच्छता पखवाड़े के तहत विभिन्न प्रकार की सफाई, जागरूकता रैलियां और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित गतिविधियां संपन्न हुईं। वीरवार को कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं साइंस सेंटर के पार्किंग क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

नप हटवा रहा त्योहारी सीजन से पहले अवैध कब्जे

# बस स्टैंड व ढाबों के आसपास अतिक्रमण पर चला पीजा पंजा

- दुकानदारों के साथ रेहड़ी फड़ी वालों में अतिक्रमण हटाए जाने का लेकर मची भगदड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी में वीरवार को नगर परिषद की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान दुकानदार व रेहड़ी फड़ी वालों में भगदड़ मची रही। बस स्टैंड के आसपास फैले अवैध कब्जों को हटाने के लिए परिषद की टीम सुबह से ही सक्रिय हो गई। इस दौरान कई जगहों पर जेसीबी की मदद से पक्के और अस्थायी ढांचे ढहाए गए। कार्रवाई के चलते दुकानदारों में हड़कंप मच गया और लोग अपने सामान समेटते दिखाई दिए। नगर परिषद के अधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से इस इलाके में कई बार अतिक्रमण से दिक्कत हो रहीं थीं। दुकानदारों ने निर्धारित सीमा से बाहर आकर शेड और टीन शेड डाल रखे थे, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा था।



अंबाला। अतिक्रमण हटाते नगर परिषद कर्मचारी कर्मचारी।

### फुटपाथ पर भी कब्जा किया गया था

कई जगह फुटपाथ पर भी कब्जा किया गया था। परिषद की ओर से पहले ही नोटिस और चेतावनी दी जा चुकी थी, लेकिन जब लोगों ने स्वेच्छा से कब्जा नहीं हटाया तो मजबूरन कार्रवाई करनी पड़ी। नगर परिषद की टीम ने सबसे पहले ढाबों पर कार्रवाई की है। यहां कई दुकानों के सामने रखे गए गुमटी, रेहड़ी और अवैध ढांचे को हटाया गया। टीम के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा, ताकि किसी तरह की अप्रिय स्थिति न बने।

### दुकानदारों ने विरोध करने की कोशिश की

कई जगहों पर दुकानदारों ने विरोध करने की कोशिश की, लेकिन प्रशासन की सख्ती के आगे उनकी एक न चली। परिषद कर्मियों ने जेसीबी से कब्जे हटाते समय आसपास की भीड़ को भी लगातार चेतावनी दी कि किसी प्रकार का व्यवधान न डालें। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने परिषद पर आरोप लगाया कि उन्हें पर्याप्त समय नहीं दिया गया। जबकि अधिकारियों का कहना है कि कई बार चेतावनी जारी की जा चुकी है। हालांकि दूसरी ओर प्रभावित दुकानदारों ने इस कार्रवाई पर असंतोष जताया। उनका कहना है कि रोजी-रोटी चलाने के लिए उन्होंने दुकान के आगे थोड़ी जगह का इस्तेमाल किया था। अचानक ढांचा गिराने से उनका बड़ा नुकसान हो गया। कई रेहड़ी-फड़ी वालों ने कहा कि उन्हें वैकल्पिक स्थान मुहैया नहीं कराया गया, जिससे उनका रोजगार छिन जाएगा। अधिकारियों ने साफ कहा है कि अतिक्रमण किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पहले ही कई बार समझाइश दी गई थी, अब आगे भी अगर किसी ने सार्वजनिक स्थान पर कब्जा किया तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परिषद ने अपील की है कि दुकानदार और व्यापारी खुद अपने स्तर पर सीमाओं के अंदर व्यापार करें, ताकि जनता को परेशानियों का सामना न करना पड़े। आगे भी शहर के अन्य हिस्सों में भी यह अभियान जारी रहेगा।